महानिदेशालय कार्यालय असम राइफल्स,
शिलांग–793010

## असम राइफल्स 2025 में अनुकंपा आधार पर नियुक्ति योजना के माध्यम से भर्ती के लिए विज्ञापन

1. पात्र उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 21 जुलाई 2025 है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. यह भर्ती, युद्ध में शहीद हुए, सेवा के दौरान दिवंगत हुए, चिकित्सा आधार पर सेवामुक्त हुए तथा सेवा के दौरान लापता हुए असम राइफल्स कार्मिकों के पात्र आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए है।

3. अनुकंपा आधार पर नियुक्ति योजना के तहत असम राइफल्स में भर्ती के लिए देश भर के पात्र उम्मीदवारों से ऑफलाइन/ईमेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भर्ती रैली असम राइफल्स प्रशिक्षण केंद्र एवं स्कूल, सुखोवी (नागालैंड) (नजदीकी रेलवे स्टेशन– दीमापुर (नागालैंड) में सितंबर–दिसंबर 2025 के बीच संभावित रूप से आयोजित की जाएगी। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए रिपोर्टिंग की निश्चित तिथि पात्र उम्मीदवारों को पंजीकृत डाक/मेल के माध्यम से सूचित की जाएगी, उसके बाद समय–समय पर हमारी आधिकारिक वेबसाइट www.assamrifles.gov.in पर आवश्यक विवरण अपलोड किए जाएंगे।

4. असम राइफल्स अनुकंपा आधार पर नियुक्ति भर्ती रैली 2025 के लिए रिक्तियों का ट्रेड/पदवार विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| (क) | राइफलमैन/राइफलवुमैन जनरल ड्यूटी (पुरुष और महिला दोनों के लिए) | 69 |
| (ख) | वारंट ऑफिसर रेडियो मैकेनिक (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (ग) | वारंट ऑफिसर ड्राफ्टमैन (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (घ) | हवलदार एक्स–रे सहायक (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (ङ) | राइफलमैन इलेक्ट्रीशियन मैकेनिक वाहन (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (च) | राइफलमैन वाहन मैकेनिक फिटर (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (छ) | राइफलमैन प्लम्बर (केवल पुरुष उम्मीदवार के लिए) | 01 |
| (ज) | राइफलमैन सफाई (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) | 04 |
| | कुल | 79 |

5. रिक्तियां अस्थायी हैं और बढ़ या घट सकती हैं। इस प्रकार अधिसूचित रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं और असम राइफल्स विज्ञापन में कोई भी परिवर्तन करने या बिना कोई कारण बताए इसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6 पात्रता :– असम राइफल्स कार्मिक जो युद्ध में मारे गए, सेवा के दौरान दिवंगत हुए, चिकित्सा आधार पर सेवा से मुक्त हुए और सेवा के दौरान लापता हुए के परिवार का केवल एक आश्रित सदस्य अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने का पात्र हैं।

7. आयु सीमा की गणना हेतु कट ऑफ तिथि – ऊपरी आयु सीमा की गणना के लिए कट ऑफ तिथि दिनांक 01 अगस्त 2025 होगी।

8. जिस डाक लिफाफे में आवेदन भेज रहे हैं उसके ऊपर ''अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन'' लिखा जाना चाहिए।

9. वेतनमान : वेतनमान एवं अन्य भत्ते असम राइफल्स कार्मिकों के जैसे मान्य होंगे।

10. आवेदन कैसे करें. ट्रेड के योग्यता आवश्यकताओं को देखते हुए, अभ्यर्थी संलग्न प्रारूप के अनुसार अपना ऑफलाइन आवेदन पत्र, स्वयं द्वारा सत्यापित शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ट्रेड संबंधी डिप्लोमा/तकनीकी/आईटीआई प्रमाण पत्र (जैसा लागू हो) तथा फोटो पहचान पत्र जैसे आधार, पैन/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस आदि की एक छायाप्रति की प्रतियों के साथ, नीचे दिए गए पते पर भेजें :–

महानिदेशालय असम राइफल्स
(भर्ती शाखा)
लाइटकोर, शिलांग
मेघालय – 793010
(ईमेल–**rectbrdgar@gmail.com**)

11. किसी भी जानकारी के लिए, किसी भी कार्य दिवस में 0900 बजे से 1730 बजे तक निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है :–

(क) 0364–2585118 (ख) 0364–2585119 (ग) 8794101693

Sd/- xx xx xx
(केशव शर्मा)
डिप्टी कमाण्डेंट
एसओ–2(भर्ती)
कृते महानिदेशालय असम राइफल्स